भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 100

दिनांक 02.02.2021/13 माघ,1942 (शक) को उत्तर के लिए

आपदा की तैयारियों के लिए स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण

†100. श्री राजीव प्रताप रूडीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) आपदा से निपटने की तैयारियों के संबंध में देशभर में स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित करता रहता है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान एनडीआरएफ द्वारा प्रशिक्षित किए गए स्वयं सेवकों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) एनडीआरएफ के संचालन के दायरे का विवरण क्या है और विगत एक वर्ष में प्रमुख तैनाती क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार एनडीआरएफ की पहुंच में विस्तार करने और स्वयं सेवकों की संख्या में वृद्धि करने की योजना बना रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इसके बनाई गई योजना की रूपरेखा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): जी, हाँ। एनडीआरएफ द्वारा आयोजित सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-। में संलग्न है। एनडीआरएफ द्वारा विभिन्न स्टेकहोल्डरों के लिए "क्षमता संवर्धन" और "आपदा की तैयारी" के संबंध में आयोजित किये गये प्रशिक्षण का ब्यौरा अनुलग्नक-।। में दिया गया है।

(ग): एनडीआरएफ का अधिदेश आपदाओं के दौरान विशेषज्ञ कार्रवाई करना और सम्मुख आने वाली आपदा की स्थितियों में एहतियाती तैनाती करना है। एनडीआरएफ राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और अन्य स्टेकहोल्डरों जैसे कि सिविल डिफेंस, होमगार्ड आदि को बेसिक और परिचालन स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह सामुदायिक क्षमता के विकास में संलग्न है, जिसमें समुदायों और स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षित किया जाता है और उन्हें फर्स्ट रिस्पोंडर के रूप में आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किया जाता है तथा यह नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा स्कीम (एनएसएस) आदि जैसे स्वयंसेवकों के लिए भी

क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। एनडीआरएफ आपदाओं के दौरान/उनके बाद राहत सामग्री के वितरण में सिविल प्राधिकारियों को सहायता प्रदान करता है और बचाव/राहत कार्य में लिप्त अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय करता है। एनडीआरएफ विभिन्न स्टेकहोल्डरों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए मॉक अभ्यास आयोजित करने के साथ-साथ उनमें भाग लेता है। वर्ष 2020 के दौरान, एनडीआरएफ ने आपदाओं की विभिन्न परिस्थितियों में निम्नानुसार कार्रवाई की है-

- पूरे देश में कोविड-19 संबंधी कार्रवाई और जागरूकता
- विभिन्न राज्यों में बाढ़
- चक्रवात-अम्फन, निसर्ग, निवार और बुरेवी
- नाव पलटने की घटनाएं
- भवन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं
- रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु घटनाएं
- भू-स्खलन
- बोर-वेल की घटना
- पूरे देश में डूबने के मामले
- गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और संसद सत्र जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्वों के दौरान तैनाती
- विभिन्न राज्यों में छठ पूजा और कार्तिक पूजा, डिफेंस एक्सपो आदि जैसे जनसमूह के दौरान तैनाती
- नागालैंड, मणिपुर सीमा में द्जूकू घाटी के जंगल में आग

(घ) और (ङ): केंद्र सरकार ने मौजूदा 12 एनडीआरएफ बटालियनों के अलावा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड राज्य, जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र तथा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक-एक बटालियन तैनात करने के लिए एनडीआरएफ की 04 अतिरिक्त बटालियनों के गठन का अनुमोदन प्रदान किया है। इन नई बटालियनों के परिचालन में आने से एनडीआरएफ की मौजूदगी बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त, मौजूदा एनडीआरएफ बटालियनों का सुदृढ़ीकरण और संवर्धन करना एक निरंतर प्रक्रिया है।

******

लो.सं.अता.प्र.सं. 100 दिनांक 02.02.2021

अनुलग्नक-I

सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम								
क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**संख्या**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**कुल**
1	अंडमान एवं निकोबार	लाभार्थी	2843	167	319	459	0	3788
		कार्यक्रम	5	3	3	3	0	14
2	आंध्र प्रदेश	लाभार्थी	7051	18509	8328	4362	707	38957
		कार्यक्रम	14	42	42	22	4	124
3	अरुणाचल प्रदेश	लाभार्थी	23758	5983	5998	3008	1904	40651
		कार्यक्रम	56	37	40	21	41	195
4	असम	लाभार्थी	31132	10292	31880	5793	12291	91388
		कार्यक्रम	90	69	122	49	209	539
5	बिहार	लाभार्थी	28659	212270	19880	23484	10774	295067
		कार्यक्रम	134	134	189	132	105	694
6	चंडीगढ़	लाभार्थी	0	268	1047	45	165	1525
		कार्यक्रम	0	3	8	1	1	13
7	छत्तीसगढ़	लाभार्थी	14076	2610	11937	970	12312	41905
		कार्यक्रम	24	23	36	7	38	128
8	दादरा एवं नगर हवेली	लाभार्थी	0	0	0	0	0	0
		कार्यक्रम	0	0	0	0	0	0
9	दमण एवं दीव	लाभार्थी	5568	0	1790	150	0	7508
		कार्यक्रम	6	0	9	1	0	16
10	दिल्ली	लाभार्थी	76897	10752	3272	5209	2790	98920
		कार्यक्रम	36	39	6	19	20	120
11	गोवा	लाभार्थी	0	1294	522	790	0	2606
		कार्यक्रम	0	8	3	7	0	18
12	गुजरात	लाभार्थी	88888	31830	60294	8846	7449	197307
		कार्यक्रम	120	99	92	36	9	356
13	हरियाणा	लाभार्थी	2574	6152	3277	1181	32	13216
		कार्यक्रम	26	11	10	3	1	51
14	हिमाचल प्रदेश	लाभार्थी	3582	130	200	6877	85	10874
		कार्यक्रम	11	2	1	17	2	33
15	जम्मू एवं कश्मीर	लाभार्थी	0	1548	525	670	95	2838
		कार्यक्रम	0	2	1	4	1	8
16	झारखंड	लाभार्थी	3722	4210	10618	4834	2168	25552
		कार्यक्रम	31	36	53	24	15	159
17	कर्नाटक	लाभार्थी	5463	3019	2672	1414	355	12923
		कार्यक्रम	16	13	12	12	2	55
18	केरल	लाभार्थी	18832	1135	5253	6865	0	32085
		कार्यक्रम	37	10	22	17	0	86
19	लक्षद्वीप	लाभार्थी	0	225	0	146	0	371

		कार्यक्रम	0	2	0	1	0	3
20	मध्य प्रदेश	लाभार्थी	8960	73	1305	0	298	10636
		कार्यक्रम	25	3	8	0	7	43
21	महाराष्ट्र	लाभार्थी	17357	26002	15759	10767	5144	75029
		कार्यक्रम	36	135	82	48	15	316
22	मणिपुर	लाभार्थी	439	1125	0	4681	2620	8865
		कार्यक्रम	1	8	0	25	24	58
23	मेघालय	लाभार्थी	2846	1125	4475	3244	409	12099
		कार्यक्रम	6	8	18	16	3	51
24	मिजोरम	लाभार्थी	4836	1893	3756	260	1193	11938
		कार्यक्रम	20	12	12	3	19	66
25	नागालैंड	लाभार्थी	0	665	185	2621	644	4115
		कार्यक्रम	0	4	3	10	7	24
26	ओडिशा	लाभार्थी	26668	18620	28037	23620	9923	106868
		कार्यक्रम	89	123	127	106	32	477
27	पुदुचेरी	लाभार्थी	4665	1058	1867	274	0	7864
		कार्यक्रम	2	18	5	1	0	26
28	पंजाब	लाभार्थी	8347	6858	1705	620	758	18288
		कार्यक्रम	42	17	4	9	7	79
29	राजस्थान	लाभार्थी	26206	18320	19345	12433	9179	85483
		कार्यक्रम	47	36	73	15	21	192
30	सिक्किम	लाभार्थी	10667	492	871	0	651	12681
		कार्यक्रम	26	3	4	0	7	40
31	तमिलनाडु	लाभार्थी	37935	10773	11665	6815	0	67188
		कार्यक्रम	72	36	25	18	0	151
32	तेलंगाना	लाभार्थी	13561	6479	6193	3386	0	29619
		कार्यक्रम	22	15	18	15	0	70
33	त्रिपुरा	लाभार्थी	12019	3935	6833	5923	1055	29765
		कार्यक्रम	30	19	39	27	15	130
34	उत्तर प्रदेश	लाभार्थी	36172	51073	14080	5493	20558	127376
		कार्यक्रम	104	100	38	27	132	401
35	उत्तराखंड	लाभार्थी	13658	4617	8681	1377	1470	29803
		कार्यक्रम	60	26	38	5	39	168
36	पश्चिम बंगाल	लाभार्थी	22211	11697	1431	3138	4768	43245
		कार्यक्रम	65	70	13	11	32	191
लाभार्थियों की कुल संख्या		**लाभार्थी**	**559592**	**475199**	**294000**	**159755**	**109797**	1598343
कार्यक्रमों की सं.		**कार्यक्रम**	**1253**	**1166**	**1156**	**712**	**808**	5095

लो.सं.अता.प्र.सं. 100 दिनांक 02.02.2021

अनुलग्नक-।।

वर्ष 2016-2020 के दौरान एनडीआरएफ द्वारा विभिन्न स्टेकहोल्डरों के लिए आयोजित किये गये क्षमता संवर्धन और आपदा की तैयारी के संबंध में प्रशिक्षण का ब्यौरा

स्टेकहोल्डरों के नाम	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**कुल**
सिविल डिफेंस	1090	1151	889	560	240	3930
नेहरू युवा केंद्र संगठन	133	159	37	8151	115	8595
राष्ट्रीय कैडेट कोर	277	300	117	--	167	861
संबद्ध नोडल अधिकारी	939	50	--	--	--	989
अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद	--	--	50	150	--	200
राष्ट्रीय सेवा योजना	8	246	1220	1252	--	2726
सिविल पुलिस	5	--	5	--	--	10
सिविल प्रशासन	--	09	03	--	--	12
स्काउट और गाइड	--	--	10	--	--	10
गैर सरकारी संगठन	--	19	--	--	--	19
पिंपरी चिंचवाड नगर निगम (डीएम विंग)	--	10	--	--	--	10
					कुल	**17362**
राज्य आपदा मोचन बल	1171	1397	3602	2478	351	8999
भारतीय रेलवे	--	245	48	--	--	293
अग्निशमन सेवा	--	--	07	--	159	166
होमगार्ड	256	182	36	--	--	474
					कुल	**9932**
					कुल योग	**27294**